www.himalayanupdate.com 7018631199 समाचार पत्र Postal Regd no: HP/128/SML/2020-22

अक्टूबर, 2023

आपकी आवाज़

हिमालयन अपडेट

RNI-HPHIN/2017/73579

7018631199 गुरूवार 26.10.2023 पृष्ठ: 01, मूल्य: 1 रू. शिमला से प्रकाशित advthimalayanupdate@gmail.com

किफायती दरों में अपना विज्ञापन प्रकाशित करें और अपने व्यापार को और ऊंचाईयों पर ले जाएं। संपर्क करें: 7018631199

अपने क्षेत्र की समस्या के बारे में हमें लिखें।
himalayanupdate@gmail.com

दुर्गा-पूजा उत्सव का नाथपा झाकड़ी हाइड्रो पावर स्टेशन में हुआ भव्य आयोजन

शिमला/हिमालयन अपडेट
शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर एसजेवीएन एम्पलाईज कल्चरल कमेटी, झाकड़ी के तत्वाधान में एनजेएचपीएस ग्राऊण्ड झाकड़ी में दुर्गा-पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया । यह दुर्गा-पूजा महोत्सव दिनांक 20 अक्टूबर, को महाषष्ठी के दिन कल्पारंभ पूजन एवं बोधन से प्रारम्भ हुआ । इसके बाद संध्या आरती, इसी अनुक्रम में 21 अक्तूबर महासप्तमी के दिन चण्डीपाठ भी किया गया ।

22 अक्तूबर महाअष्टमी के सुअवसर पर दोपहर को संधि-पूजा का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के भिन्न-भिन्न स्थानों से आए परिवार विशेषकर महिलाएं मां के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर अपने- अपने परिवार व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की मनोकामना की । 23 अक्तूबर महा नवमी के सुअवसर पर दोपहर को पुजा एवं हवन का आयोजन किया गया। जिसमें सभी की सुखद भविष्य की



कामना की गई।

24 अक्तूबर महादशमी के दिन दधिकर्म पूजा, दर्पण विसर्जन व सिंदूर उत्सव के उपरान्त पवित्र मूर्तियों का विर्सजन दोपहर 2 बजे किया गया और सायं श्री राम व रावण की सेनाओं के बीच सांकेतिक युद्ध के वातावरण में रावण का वध, तदुपरान्त कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतलों का दहन व भव्य आतिशबाजी का भी आयोजन किया गया । पूजन-परिपाटी के अनुसार 28 अक्तूबर शनिवार को सायं 8 बजे लक्ष्मी पूजा, पुष्पांजलि आदि का आयोजन कर इस वर्ष श्रीश्री दुर्गा पूजा महोत्सव की समाप्ति की जायेगी।

इस विशेष अवसर पर परियोजना प्रमुख मनोज कुमार ने सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे इन शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर एनजेएचपीएस ग्राऊण्ड, झाकड़ी में होने वाले इस पांच दिवसीय समारोह में परिवारजनों व मित्रों सहित सम्मिलित होकर मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करें व अपने जीवन को सफल बनाएं । इस दौरान परियोजना प्रमुख मनोज कुमार द्वारा माता रानी से क्षेत्र एवम क्षेत्र वासियों की खुशहाली की कामना की गई।

इस अवसर पर प्रत्येक दिनों में अधिकारी/ कर्मचारी एवम उनके पारिवारिक सदस्यों के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया जिसमें टैलेंट हंट प्रतियोगिता , डांडिया प्रतियोगिता आदि का आयोजन करवाया गया। साथ ही एसजेवीएन महिला सकीर्तन मंडली द्वारा भजन-सकीर्तन का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम को सभी लोगों द्वारा सराहा गया एवं सभी लोगों ने इसका भरपूर आनंद उठाया ।

व्यक्तिगत छींटाकशी के बजाय विकास पर ध्यान दें मुख्यमंत्रीः जयराम

मंडी/हिमालयन अपडेट
सत्ता हथियाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने हमेशा झूठ का सहारा लिया है। हिमाचल में भी इस बार कांग्रेस ने झूठी गारंटियां दी और सरकार बनते ही विकास करने के बजाय बदले की भावना से काम किया और 10 महीनों में ही हजारों कर्मियों को नौकरी से निकाल दिया। इस निक्कमी सरकार ने मात्र 10 महीने में ही 10 हजार करोड़ रुपये का ऋ ण ले लिया लेकिन एक भी विकास कार्य नहीं किया। ये आरोप सरकाघाट के बलद्वाड़ा में लगाते हुए नेता प्रतिपक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि सुक्खू को सोते जागते मेरी ही याद आ रही है।

२२२२सार्वजनिक मंच से बात कहते हुए उन्हें शब्दों की मयार्दा का ध्यान रखना चाहिए और शालीनता से अपनी बात रखनी चाहिए।

मेरे से सवाल पूछने के बजाय पहले मुख्यमंत्री सुक्खू यह बताएं कि मंडी की जनता के लिए उन्होंने इन 11 महीनों में किया ही क्या है। सुक्खू को शायद पहले मालूम नहीं है कि सोमवार को जिस पड्डल मैदान में उन्होंने राहत वितरण कार्यक्रम किया उसके बगल में प्रदेश का दूसरा विश्वविद्यालय भाजपा ने स्थापित किया था। यहीं पर 45 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले वल्लभ महाविद्यालय के भवन का निर्माण कार्य शुरू किया था। मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर जिस हेलीपोर्ट पर उतरा था, वह अब भाजपा ने बनाया था। हेलीपोर्ट से कुछ दूरी पर डेढ़ सौ करोड़ की लागत से शिवधाम का काम भाजपा सरकार के समय शुरू हुआ था। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरदार पटेल विश्वविद्यालय को बंद करने की साजिश रची जा रही है। वल्लभ महाविद्यालय व शिवधाम का काम बंद करवाना सुक्खू सरकार की बड़ी उपलब्धि रही है। सुक्खू यह कह कर रहे हैं कि जयराम ने मंडी के लिए कुछ नहीं किया, अगर कुछ नहीं किया होता तो मंडी की जनता विधानसभा चुनाव में 10 से नौ सीटें नहीं देती।

अग्निवीर जीडी के परिणाम में डिफेंस अकादमी 93 जवान भर्ती

ऊना/हिमालयन अपडेट
हिमाचल प्रदेश अकादमी फॉर डिफेंस सर्विसज एवं जन कल्याण समिति चंद्रलोक कालोनी का भर्ती कार्यालय पालमपुर व हमीरपुर का अग्निवीर जीडी का परिणाम शानदार रहा है। भर्ती में अकादमी के 93 युवा सेना में भर्ती हुए हैं। अकादमी के अध्यक्ष ब्रिगेडियर जागीर सिंह कंवर (सेवानिवृत्त) पीएससी, एचसी, उपाध्यक्ष चीफ इजीनियर कर्ण सिंह (सेवानिवृत्त), निर्देशक कर्नल धर्मपाल वशिष्ट (सेवानिवृत) एलजीएससी, कर्नल कुलदीप सिंह (सेवानिवृत्त) वीएसएम,पीएससी, डॉक्टर अनुपमा मनकोटिया (निर्देशक रिर्सच एवं डिवेल्पमेंट), और प्रशासनिक अधिकारी कैप्टन विजय शंकर शर्मा (सेवानिवृत्त) ने चयनित युवकों व उनके अभिभावकों को बधाई दी व भविष्य में सफल होने का आशीर्वाद दिया। अकादमी के अध्यक्ष ब्रिगेडियर जागीर सिंह कंवर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अकादमी फॉर डिफेंस सर्विसज एवं जन कल्याण समिति आर्मड फोर्सस व सिविल

सर्विसज में प्रशिक्षण देने वाली संस्था है। 21 वर्षो में अकादमी ने 14 आफिसर, 6903 युवक एवं 180 युवतियों को विभिन्न सैनिक, अर्ध-सैनिक बलों, पुलिस व अन्य सरकारी नौकरियां उपलब्ध करवाने में अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि अकादमी में युवाओं से मात्र 7100 रुपए वार्षिक शुल्क लिया जाता है। युवतियों से मात्र 2100 रुपए (एक मुश्त) शुल्क लिया जाता है।

आर्थिक दृष्टि से कमजोर प्रक्षिशुओं की फीस माफ की जाती है। अब तक 779 युवकों तथा 420 युवतियों की फीस माफ की जा चुकी है। युवाओं को, विशेष तौर पर युवतियों को मनोविज्ञानिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। मनोवैज्ञानिक डाक्टर अनुपमा मनकोटिया द्वारा सभी प्रशिक्षार्थियों को जीवन को अधिक सार्थक ढंग से सफल बनाने के लिए परामर्श दिये जाते हैं। अभी एनडीए के चार लडकों में से तीन चयनित हुए हैं, जिसमें एक डॉक्टरी जांच में अयोग्य घोषित हो गया और 2 युवा एनडीए की ट्रेनिंग एनडीए खडगवासला में कर रहे हैं। हाल ही में एक युवा यतिन कंवर पुत्र जतिंद्र कंवर ऊना से टैक्नीकल स्ट्रीम के अंतर्गत एसएसबी में उत्तीर्ण हुआ है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बिलासपुर के आपदा प्रभावित 1162 परिवारों को वितरित की 8.97 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि

बिलासपुर/हिमालयन अपडेट
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पुनर्वास योजना के तहत भारी बारिश एवं भूस्खलन से आई आपदा से प्रभावित जिला बिलासपुर के 1162 परिवारों को 8.97 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि वितरित की। उन्होंने जिला बिलासपुर में आपदा के दौरान जिन 94 प्रभावित परिवारों के घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें पहली किश्त के रूप में 3-3 लाख रुपये प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने बिलासपुर सदर विकास खंड के अंतर्गत 404 परिवारों को 3.93 करोड़, घुमारवीं विकास खंड के अंतर्गत 532 आपदा प्रभावित परिवारों को 4.55 करोड़ रुपये, झंडूता विकास खंड के तहत 198 आपदा प्रभावित परिवारों को 1.21 करोड़ रुपये तथा स्वारघाट विकास खंड के अंतर्गत 28 आपदा प्रभावित परिवारों को 19.10 लाख रुपये जारी किए। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि आपदा के तीन महीने के भीतर राहत राशि बांटने

की शुरूआत की गई है, जो लोगों के कल्याण के प्रति राज्य सरकार की भावना को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान जब विशेष राहत पैकेज देने पर चर्चा शुरू हुई तो उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 16 हजार परिवारों को फिर से बसाने का दायित्व राज्य सरकार का है। इसी के दृष्टिगत आपदा प्रभावितों को राहत प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने 4500 करोड़ रुपये का विशेष पैकेज जारी किया है, जिसमें घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने पर मिलने वाले मुआवजे को एक लाख 30 हजार से बढ़ाकर सात लाख रुपए किया गया है। इसके साथ ही बिजली व पानी के कनेक्शन फ्री प्रदान किए जा रहे हैं।

और घर बनाने के लिए सीमेंट प्रति बोरी 280 रुपये की दरों पर उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावित परिवारों को निःशुल्क टीडी उपलब्ध करवाने पर भी विचार कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब 11 माह पहले वर्तमान प्रदेश सरकार ने सत्ता संभाली तो सरकारी खजाना लगभग खाली था। राज्य पर 75 हजार करोड़ का कर्ज और 10 हजार करोड़ रुपये सरकारी कर्मचारियों की देनदारियों का बोझ था। पिछली भाजपा सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के कारण हिमाचल आज आर्थिक बदहाली के दौर से गुजर रहा है। लोगों को वास्तविक आर्थिक स्थिति का पता चलेए इसके लिए राज्य सरकार द्वारा विधानसभा में श्वेत पत्र लाया गया। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक हिमाचलवासी पर एक लाख रुपए से अधिक का कर्ज है, लेकिन वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश की अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए पुरजोर प्रयास कर रही है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि मानवीय संवदेनाओं को समझते हुए राज्य सरकार ने पहली ही कैबिनेट में प्रदेश के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम लागू की, ताकि बुढ़ापे में उन्हें सामाजिक सुरक्षा मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अभी राज्य की वित्तीय स्थिति पटरी पर लाने का प्रयास कर ही रही थी कि प्रदेश में भारी बारिश से भीषण आपदा की स्थिति पैदा हो गई। आपदा में उन्होंने स्वयं और मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों ने मोर्चा संभालते हुए राहत कार्यों का संचालन किया। उन्होंने कहा 48 घंटे में बिजलीए पानी और मोबाइल सेवाओं को अस्थाई रूप से बहाल किया तथा 75 हजार पर्यटकोंए 15 हजार गाडि ?ों को सुरक्षित निकाला गया। रास्ते में फ ंसे हुए पर्यटकों के लिए फ्र ी खाने-पीने की सुविधा दी गई। उन्होंने कहा कि किसानों और बागबानों की फ सल को मंडियों तक पहुंचाने के लिए सरकार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दिन-रात प्रयास किए जो राज्य सरकार की कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बांध से अचानक पानी छोड़े जाने के कारण जिला कांगड़ा के फ तेहपुर और इंदौरा में फंसे हुए 3000 लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में प्रतिदिन पहुंच रहे डेंगू के मरीज

ऊना/हिमालयन अपडेट
जिला ऊना में लगातार डेंगू मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। हालात यह है कि प्रतिदिन क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में डेंगू से पीड़ित मरीज उपचार के लिए भर्ती हो रहे हैं। क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के अलावा निजी अस्पताल में डेंगू से पीड़ित मरीजों का उपचार चल रहा है। डेंगू के मरीज जिला के अलग-अलग क्षेत्रों से आ रहे हैं, लेकिन सबसे ज्यादा डेंगू के मरीज ऊना शहर व संतोषगढ़ में पाए गए हैं। जहां पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा फोगिंग करवाने के निर्देश जारी किए है। जिले में बढ़ रहे डेंगू के मामलों के बाद स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी कर लोगों ने सतर्क रहने की अपील की है।

क्षेत्रीय अस्पताल में पांच दिनों से उपचार ले रही उपमंडल हराली के गोंदपुर बुल्ला बिमला देवी ने बुखार की शिकायत के चलते टेस्ट करवाए गए थे। टेस्ट रिपोर्ट में 70 वर्षीय बिमला देवी को डेंगू की शिकायत सामने आई, जिसके बाद से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में उपचार चल रहा है। बिमला ने बताया कि स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार आ रहा है। वहीं जनकौर के कुलदीप सिंह ने बताया कि पंजाब के जालंधर में एक उद्योग में कार्य करता हूं। बुखार की शिकायत आने पर काफी इलाज करवाने पर भी स्वास्थ्य में सुधार न आया, तो वापिस घर लौट आया। टेस्ट करवाने में डेंगू की शिकायत आई, जिसके बाद क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में चिकित्सकों की निगरानी में उपचार ले रहा हूं। इसके अलावा क्षेत्रीय अस्पताल के जरनल वार्ड में करीब एक दर्जन मरीज डेंगू से पीड़ित है, जिनका उपचार जारी है। डेंगू के मामले विभिन्न क्षेत्रों से सामने आने के बाद विभाग ने लोगों से लक्षण दिखने पर तुरंत अस्पताल जाकर जांच करवाने की अपील की है। डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय निकाय और पंचायतों को फॉगिंग करने को कहा गया है।

सरकार और प्रशासन नशों से जुड़े मामलों में करें सख्त करवाई: धूमल

हमीरपुर/हिमालयन अपडेट
हमीरपुर के परिधिगृह से सांसद भारत दर्शन योजना के तहत भारत भ्रमण पर जा रहे 21 लडकों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के उपरांत पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने प्रदेश में नशे के बढ़ते कदमों के ऊपर और कानून व्यवस्था के ऊपर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार और प्रशासन को आग्रह किया है कि नशों से जुड़े मामलों में संलिप्त लोगों के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

पूर्व मुख्यमंत्री ने युवा पीढ़ी को नशों से बचाने को नशे के सौदागरों को सजाए मौत देने का किये आग्रह

तथाकथित नशे की ओवरडोज की वजह से हुई हमीरपुर के एनआईटी कॉलेज के छात्र की मौत के ऊपर पूछे गए सवाल के जवाब में चिंता व्यक्त करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत बड़ी दुर्घटना है। हमारे युवा पीढ़ी धीरे-धीरे इस अभिशाप के कारण समाप्त हो रही है। जब सृजन का वक्त होता है देश के निर्माण में उनकी जरूरत होती है तब यदि बच्चा नशेड हो जाए तो उनका अपना जीवन बर्बाद हो

जाता है।

पूर्व मुख्यमंत्री का बड़ा बयान प्रशासन यदि नशों के मामले में बरते कोताही तो वह देश के साथ गद्दारी के समान कृत्य

समाज को नुकसान होता है देश को नुकसान होता है। इसलिए मेरी सरकार से प्रशासन से समाज से और माता-पिता से यह अपील है कि वह बच्चों को नशेड होने से बचाएं। उन्हें सही मार्गदर्शन दें। उन्हें खेल के मैदान में भेजें। उन्हें ज्ञान वर्धक यात्राओं पर भेजें । उन्हें अच्छी शिक्षा अच्छे संस्कार ग्रहण करवाएं। नशे में जब एक बच्चा गिरफ्त में आता है तो उसके माता.पिता का जीवन वैसे ही समाप्त हो जाता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जिस तरह से नशा बढ़ रहा है वह आने वाले खतरे का संकेत है। प्रशासन के ध्यान में इस विषय को कई बार हम पहले भी ला चुके हैं कि सबसे बड़ा काम आज यदि प्रशासन व सरकार का है तो वह नशे के जाल को समाप्त करना है। यदि समाज को बचाना है युवा पीढ़ी को बचाना है तो नशे को खत्म करना पड़ेगा। यदि युवा पीढ़ी नशेड होगी तो ना अच्छा सिपाही मिलेगा ना अच्छा सैनिक मिलेगा ना अच्छा प्रशासन मिलेगा ना ही अच्छा नागरिक मिलेगा। राष्ट्र निर्माण के लिए सबसे बड़ा काम आज की युवा पीढ़ी को नशे से बचाना है। प्रशासन के कंधों पर बहुत बड़ा जिम्मा है एनआईटी में हुई इस दुर्घटना के बाद प्रशासन द्वारा यह कहा गया कि कुछ घंटे के बाद ही कुछ आरोपियों को पकड़ा गया है

मुख्यमंत्री बयानबीर, प्रतिभा सिंह मूर्ति: राणा

शिमला/हिमालयन अपडेट
भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा ने कहा की कांग्रेस पार्टी एक मौकापरस्त और झूठ बोलने वाली पार्टी है। जब से कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल प्रदेश में सत्ता संभाली हैं, तब से केवल मात्र झूठ बोल रही है। कांग्रेस के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जिस प्रकार से मंडी में 31करोड़ रुपए की राशि बांट रहे हैए वो राशि केंद्र द्वारा भेजी गई है। इसके तथ्य हमारे पास है। सुक्खू केवल बयानबीर बने फि र रहे हैं। शायद कांग्रेस के नेताओ को यह तकलीफ है कि मंडी जिले से केवल एक ही विधान सभा सीट उनकी झोली में आई है और उनकी सांसद प्रतिभा सिंह को भी यही तकलीफ है कि मंडी संसदीय क्षेत्र ने कांग्रेस का साथ नहीं दिया। जनता का साथ ना देना एक नेता के लिए ग्राफ गिरने जैसा होता है, प्रतिभा सिंह को आगामी लोक सभा चुनाव से डर लग रहा है। आज कांग्रेस के नेता मंडी संसदीय क्षेत्र के साथ भेदभाव कर रहे हैं, चले चलाए कॉलेज यूनिवर्सिटी को ठप करने का काम कर रहे हैं। सडके ना ठीक करके जनता को असुविधा प्रदान कर रहे हैं।

आज सडके खुद बोल रही है कि हमारे हाल क्या है, कुछ चीजें छुपती नहीं हैं। कांग्रेस की सांसद प्रतिभा सिंह क्षेत्र से पिछले चार साल से गायब थी और आज क्षेत्रों के लोगो की हमदर्द बनी फिर रही है।

देश के आर्थिक विकास में बैंक की महत्वपूर्ण भूमिका: राकेश ठाकुर

मंडी/हिमालयन अपडेट
हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक वित्तीय साक्षरता केंद्र मण्डी द्वारा राष्ट्रीय कृषि और नाबार्ड के सहयोग से उपमंडल कोटली के कडकोह में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक जिला कार्यालय मंडी से वित्तीय साक्षरता समन्वयक राकेश ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि देश के आर्थिक विकास में बैंक महत्वपूर्ण भूमिका अदा

करते हैं। बैंक जनता के पैसों को ब्याज, सुरक्षा और अन्य सेवाएँ देकर जमा करते हैं और जरुरत मंद लोगों को वह पैसे ऋ ण के रूप में उधार देते हैं। देश के विकास कार्यों में बैंकों की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है तथा अनेक प्रकार के क्षेत्रों में विकास के लिए अनेक प्रकार के बैंक स्थापित किये गए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वो बैंकों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजनाए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना जैसी अन्य योजनाओं को लेने पर जोर दिया ताकि आपका और आपके बच्चों का भविष्य बेहतर बने।